# पीएम यशस्वी योजना

**[स्रोत: पी.आई.बी](#).**

**सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय** ने गणतंत्र **दिवस 2025** पर वाइब्रेंट इंडिया हेतु पीएम यंग अचीवर्स छात्रवृत्ति पुरस्कार योजना (पीएम-यशस्वी) के छात्र लाभार्थियों को संबोधित किया।

## पीएम-यशस्वी योजना:

- **परिचय:** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा शुरू की गई इस योजना के अंतर्गत **हाशिए पर स्थित छात्रों** को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के उद्देश्य से **वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।**
- **पात्रता:** इस योजना के अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC), आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (EBC) और विमुक्त जनजातियों के वे छात्र पात्र हैं, जिनकी पारिवारिक आय **2.5 लाख रुपए प्रति वर्ष** तक है।
- **उप-योजनाएँ:** यह एक **व्यापक** योजना है जिसमें निम्नलिखित उप-योजनाएँ शामिल हैं:
  - **प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति:** 2.5 लाख रुपए से कम आय वाले परिवारों को **4,000 रुपए वार्षिक शैक्षणिक भत्ता।**
  - **पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति:** पाठ्यक्रम श्रेणी के आधार पर **5,000 रुपए से 20,000 रुपए तक की सहायता।**
  - **कॉलेज शिक्षा:** शीर्ष कॉलेज के छात्रों को ट्यूशन, निर्वाह खर्च और शिक्षा सामग्री सहित **पूर्ण वित्तीय सहायता** प्रदान की जाती है।
  - **छात्रावास:** सरकारी स्कूलों और संस्थानों के पास **आवास की सुविधा** प्रदान की जाती है।
- **अन्य समान योजनाएँ:** दिव्यांग छात्रों हेतु राष्ट्रीय छात्रवृत्तियाँ, इंस्पायर छात्रवृत्ति, मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय फैलोशिप




और पढ़ें...भारत में छात्रवृत्ति योजनाएँ

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pm-yasasvi-scheme